प्रेस विज्ञप्ति

26 जनवरी 2020 : राष्ट्रीय पर्व पर समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए हमारे देश के अनेकों रक्त वीरों ने रक्तदान कर मानव जीवन का अभिष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया, हमारे गोरखपुर तथा आसपास के 15 रक्तदाताओं ने 71 वें गणतंत्र दिवस पर रक्तदान कर देश में जो रक्त की भारी कमी है उसे कुछ हद तक पूरी करने का मानव कल्यांणकारी अभिष्ट कार्य किया। ऐसे महान राष्ट्रीय पर्व पर रक्तदान जैसा महान पावन एवं पुनित कार्य कर गणतंत्रता दिवस के प्रति अपनी सच्ची शुभकामनाऐं प्रेषित किये। ब्लड बैंक प्रभारी डा० अवधेश अग्रवाल ने सभी रक्तदाताओं को "जय जन भारत जन मन अभिमत जन गण तंत्र विधाता" के साथ गणतंत्र दिवस की शुभकामनाऐं दीं और रक्तदाताओं के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। मुख्य टेक्निशियन श्री राजीव तिवारी ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतिकात्मक चिन्ह भेंट किया और आज के दिन इस पावन राष्ट्रीय पर्व पर रक्तदान करने के लिए स्वःरक्तदाताओं के प्रति अपनी शुभकामनाऐं प्रेषित किए।

इस अवसर पर ब्लड बैंक की कॉउंसलर शोभा राय, अमित मिश्रा, गिरीश पाठक, आदित्य सिंह उपस्थित रहे।